(90)

# दिनांक—11.08.2023 को बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद् की आहूत आठवीं बैठक की कार्यवाही

**उपस्थितिः— यथा पंजी**

1. सातवीं बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि की गयी।

2. कार्यावली सं०— 2(ख) वर्ष 2023—24 के लिए स्वीकृत बजट के अनुसार विभिन्न अवयवों के कार्यो एवं उनपर व्यय के लिए प्रस्तावित राशि अनुमोदित की गयी। वर्ष 2023—24 में प्राप्त आवंटन के विरूद्ध प्रस्तावित व्यय/व्यय की व्याख्यात्मक टिप्पणी— 2(xiii) Purchase of vehicle में ₹ 50.00 लाख रखने हेतु निर्णय लिया गया। एक Electric Car जिसका Local कार्य के लिए उपयुक्त हो तथा एक Hybrid Car जो लम्बी दूरी के लिए उपर्युक्त हो, को अनुमोदन किया गया।

3. कार्यावली सं०— 3(क) वर्ष 2023—24 की वार्षिक कार्य योजना में वचनबद्ध व्यय के लिए राशि का अनुमोदन। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF), बिहार एवं संयुक्त सचिव कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि राज्य के विभिन्न जोन बांटकर स्थान निर्धारित कर Biodiversity का मुल्यांकन प्रत्येक वर्ष किया जाए। इस संबंध में सचिव द्वारा बताया गया कि कार्यावली सं०— 4(iii) बिहार राज्य जैव विविधता कार्य योजना में शामिल है।

   योजना संख्या (ख) — जन जैव विविधता पंजी का उन्नयन तथा प्रखण्ड एवं जिला स्तरीय जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण (Phase-II) के कार्यान्वयन हेतु स्वीकृत किया गया।

4. कार्यावली सं०— 4

   (i) मुंगेर, सासाराम, दरभंगा एवं अररिया वन प्रमण्डलों के स्थायी पौधशालाओं में तैयार पाँच—पाँच हजार पौधों को रोपण हेतु निदेशित की गयी है। बड़े पौधों के रोपण का प्राक्कलन प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) बिहार का कार्यालय आदेश—04, दिनांक 28.04.2023 [Linear Varshakalin (Rainy) Plantation Both Advance and Completion in First year] पर आधारित है। संयुक्त सचिव, कृषि विभाग द्वारा सुझाव दिया गया कि वृक्षारोपण की

(89)

निगरानी/मुल्यांकन की प्रणाली विकसित किया जाय। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF) बिहार द्वारा बताया गया कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वनरोपण स्थली का सतत् निगरानी हेतु वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, वनपाल एवं वनरक्षी पदस्थापित रहते है। पत्येक वनरोपण स्थली के लिए एक वृक्षारोपण पंजी (Plantation Journal) का निर्माण किया जाता है, उसमें प्रारम्भ से ही सारी बाते अंकित की जाती है। इसपर व्यय हेतु बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद द्वारा संबंधित वन प्रमण्डलों में प्राक्कलन के अनुरूप राशि हस्तांतरित की जायगी। इस आशय के साथ अनुमोदित किया गया।

(ii) High Resolution Satellite Imagery द्वारा नालन्दा जिले के प्राकृतिक वनों तथा उसके बाहर के क्षेत्रों में हरित आवरण का आकलन का कार्य योजना कार्यान्वयन हेतु स्वीकृत की गयी।

(iii) Preparation of Bihar State Biodiversity Action Plan (BSBAP) योजना को स्वीकृत किया गया है।

(iv) Proposal for the Appointment of District Coordinator for BSBB. इस योजना के अन्तर्गत जिला स्तर पर Coordinator का मानदेय ₹ 25,000/- देने एवं मुख्यालय स्तर पर Coordinator का मानदेय ₹ 40,000/- एवं उनका शैक्षणिक योग्यता स्नात्कोत्तर रखने की स्वीकृति दी गयी।

(v) Development of City Biodiversity Index of Bhagalpur City, (vi) नगर निकाय में जैव विविधता प्रबंधन समिति का निर्माण एवं (vii) Conserving Biodiversity-Production of Documentary on Garuda bird (Greater Adjutant Stork) प्रस्तावों की स्वीकृत दी गयी।

(viii) बिहार राज्य में विरासत वृक्षों का भौतिक सत्यापन एवं सर्वेक्षण (Phase-II)- भौतिक सत्यापन हेतु सत्यापितकर्त्ता को Birbal Sahni Institute of Palaeosciences, Lucknow से प्रशिक्षण लेने हेतु अनुशंसा करते हुए अनुमोदित किया गया।

5. कार्यावली सं०– 5 (क) वर्ष 2022–23 में व्यय प्रतिवेदन, (ख) वर्ष 2022–23 में कार्य योजना पर व्यय की सारांश एवं (ग) वित्तीय वर्ष 2022–23 में घटनोत्तर स्वीकृत का प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

(88)

6. कार्यावली सं०– 6 (i) अंतराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2023 के अवसर पर व्यय कि स्वीकृति का प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

7. कार्यावली सं०– 6 (ii)(A) बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के कार्यालय भवन हेतु बिहार राज्य भवन निर्माण निगम के ब्लॉक–2 के चतुर्थ तल पर आवंटित विस्तारित स्थल के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

8. कार्यावली सं०– 6 (ii)(B) बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के विस्तारित हुए आवंटित स्थल में साफ–सफाई पर बढ़े हुए राशि के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

9. कार्यावली सं०– 6 (iii) प्रबंधन पौधशाला पर्यवेक्षक का कार्यावधी मार्च, अप्रैल एवं मई, 2023 (तीन) माह बढ़ाने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

10. कार्यावली सं०– 6 (iv) NH Consulting Pvt Ltd, New Delhi का अवधी विस्तार तीन माह बढ़ाने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

11. कार्यावली सं०– 6 (v) पर्षद की द्वितीय बैठक 25 जून 2019 में निर्णय किया कि तकनीकी सलाहकार का आवेदन लेकर अस्थायी चयन की कार्रवाई की जाय। उपरोक्त निर्णय के आलोक में एक वर्ष के लिए विज्ञापन द्वारा आवेदन लेकर तकनीकी सलाहकार की नियुक्ति की गयी थी। श्री विप्लव कुमार मिश्रा द्वारा दिनांक 15.11.2019 के पूर्वाह्न में योगदान दिया गया एवं 01.01.2020 को स्वतः छोड़कर चले गये।

पर्षद के दूसरी बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में पुनः तकनीकी सलाहकार हेतु 08.10.2022 को दो वर्षो के लिए विज्ञापन प्रकाशित की गयी। बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा 18.01.2023 को साक्षात्कार लेकर श्री हेमकान्त राय, भा०व०से० (सेवानिवृत) को चयनित की गयी।

विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, प्रतिनिधि, सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार द्वारा बिहार जैव विविधता नियमावली 2017 की धारा 16(7) के उद्द्दत किया गया। संयुक्त सचिव, कृषि विभाग द्वारा भी टिप्पणी की गई है। तकनीकी सलाहकार के पद पर नियुक्ति हेतु समपुष्टि के प्रस्ताव को अनुमोदित करते हुए ये शर्त रखा गया कि सरकार के अनुमोदन के पश्चात् ही नियुक्ति किया जाए।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार
पाँचवाँ तल, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड परिसर, शास्त्री नगर, पटना–800023
**email:-bsbbbihar@gmail.com**

(87)

12. कार्यावली सं०– 7 कार्यरत कार्यालय परिचारी को गैर–वेतन मद से मार्च, 2023 से जुलाई, 2023 तक की गयी पारिश्रमिक भुगतान की घटनोत्तर स्वीकृति का प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

13. कार्यावली सं०– 8 पर्षद् के लेखा को आंतरिक अंकेक्षण हेतु एजेंसी का चयन का प्रस्ताव को अनुमोदन।

14. कार्यावली सं०– 9 पर्षद के सचिव एवं अध्यक्ष, जी०आई०एस० एवं रिमोट सेन्सींग पदाधिकारी के कार्यो से संतोषप्रद सेवा रहने के अधार पर 10% वार्षिक वेतन वृद्धि प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

11/08/2023

(डॉ० के० गणेश कुमार)
सचिव,
बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना।

(अशुतोष)
अध्यक्ष,
बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना।

ज्ञापांक वि०- 276, दिनांक 12.08.2023

प्रतिलिपिः–

(1) अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
(2) प्रधान सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
(3) सचिव, कृषि विभाग, पटना।
(4) सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार पटना।
(5) प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF), बिहार, पटना।

email 14.09.2023

(डॉ० के० गणेश कुमार)
सचिव,
बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना